तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

13 इंद्रावती नदी से जल लाकर कलश यात्रा निकली



14 लाल मिट्टी डंपिंग को लेकर उठने लगे विरोध के स्वर



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा की तैयारी पर विशेष प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** भारतीय थल सेना में शामिल होकर देश सेवा का जज्बा रखने वाले बस्तर के युवाओं के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र ने अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा की तैयारी के लिए एक महीने के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रही है। यह प्रशिक्षण 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक संचालित किया जाएगा जिसे परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराने की योजना है।

### दो आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत दो अलग-अलग प्राकृतिक घटनाओं के पीड़ति परिजनों के लिए आठ लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। बकावण्ड तहसील अंतर्गत ग्राम कोसमी निवासी मनकी बघेल तथा ग्राम चोलनार निवासी सुदरू कश्यप को चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### बस्तर आइडल का आगाज 26 को, 29 को भी दे सकेंगे

**जगदलपुर।** राग द म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बस्तर आइडल सिंगिंग प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर 2 वर्गों के लिए ऑनलाइन ऑडिशन 15 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं। जिनमें शहर, अन्य जिलों और राज्यों से भी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। ग्रुप के अध्यक्ष बीजू विश्वास ने बताया कि प्रतियोगिता के ऑनलाइन ऑडिशन 26 और 29 अप्रैल को शहर के चंपा बाग रिसोर्ट में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने उभरते गायक-गायिकाओं और संगीत से जुड़े कलाकारों से अपील की है कि वे इस मंच का लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा को एक नई पहचान दें।

### मौत के बाद बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नया माकड़ी ढाबा के पास हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक विमल साहू की मौत हो गई थी।

## प्रेसवार्ता : भाजपा-कांग्रेस नेत्रियों ने एक-दूसरे पर जमकर लगाए आरोप

# महिला आरक्षण पर छिड़ी रार

### महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा केवल चुनावी वादा नहीं : मंडावी



कांग्रेस का महिला विरोधी असली चेहरा उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में यह अधिनियम ऐतिहासिक कदम माना जा रहा था। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर देशभर की महिलाओं में उत्साह था और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक पहल के रूप में देखा जा रहा था। अब विरोध कार्यक्रमों के माध्यम से महिला जनमत को संगठित कर केंद्र सरकार के प्रयासों के समर्थन में आवाज बुलंद की जाएगी।

महिला आयोग सदस्य ओजस्वी शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार से चर्चा कर रहीं थी। वार्ता में उन्होंने कहा कि संसद के विशेष सत्र में अधिनियम से जुड़े संशोधनों को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका, जिससे महिलाओं में निराशा है। महिला मोर्चा ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा राजनीतिक बहस का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व का प्रश्न है। आने वाले दिनों में जिला से लेकर राज्य स्तर तक अभियान चलाया जाएगा ताकि महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े और राजनीतिक दबाव बनाया जा सके। यह भी कहा गया कि महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा केवल चुनावी वादा नहीं बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी का आधार है। अधिनियम वर्ष 2023 में पारित हो चुका था, किंतु उसमें आवश्यक संशोधनों को लेकर विशेष सत्र बुलाया गया था। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पानीग्राही, सफीरा साहू, ममता राणा, सुधा मिश्रा, परीश बेसरा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भावनात्मक मुद्दा बना महिलाओं से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास : शिल्पा



**जगदलपु।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा कि महिला आरक्षण बिल वर्ष 2023 में ही संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है और उस पर राष्ट्रपति की स्वीकृति भी मिल चुकी है। ऐसे में इसे दोबारा राजनीतिक मुद्दा बनाना महिलाओं को भ्रमित करने की रणनीति है।

शुक्रवार को राजीव भवन में पत्रवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा देशभर में यह प्रचारित कर रही है कि कांग्रेस और विपक्ष के कारण महिला आरक्षण लागू नहीं हो सका, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। शिल्पा के अनुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही संवैधानिक प्रक्रिया पूरी कर चुका है इसलिए इसे फिर से भावनात्मक मुद्दा बनाकर महिलाओं के बीच राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण अधिनियम को एक मुखौटा बनाकर केंद्र सरकार असल में परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे को पीछे के दरवाजे से लागू करना चाहती है। कांग्रेस का दावा है कि यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है तो वर्तमान लोकसभा और राज्यसभा की सीटों के आधार पर ही इसे लागू कर सकती है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कांग्रेस का इतिहास स्पष्ट और मजबूत रहा है। पंचायत स्तर पर महिलाओं को आरक्षण देने की पहल कांग्रेस सरकार के समय हुई थी। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि यदि महिलाओं के अधिकारों के प्रति इतनी ही प्रतिबद्धता है तो तत्काल प्रभाव से संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित क्यों नहीं की जा रही। प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, सुनीता सिंह, सुषमा सुता, अभिषेक नायडू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यात्री बसों के अधिकांश परिचालक बिना लायसेंस के



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग से संचालित हो रही अधिकांश यात्री बसों में परिचालक बिना लाइसेंस के चल रहे हैं, कई को तो इसकी जानकारी तक नहीं। परिवहन नियमों के अनुसार परमिट पर चलने वाली बसों में कंडक्टर के पास कंडक्टर लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए नहीं बल्कि परिचालक का काम करने के लिए होता है। इसके बिना कोई भी बस में लायसेंसी परिचालक नहीं कर सकता। शहर से परमिट लेकर दौड़ रहीं 350 बसों में से इक्का-दुक्का ही बसें ऐसी हैं, जिनमें परिचालकों के पास लाइसेंस है। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं उड़नदस्ता की टीम ने यात्री बसों की जांच की, जिसमें 15 बसों में बिना लाइसेंस के परिचालक मिले, जिन पर जुर्माना किया गया। इस तरह कार्रवाई के बाद भी बस मालिकों में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बस चलाने वाले ने बताया कि अधिकांश बस संचालकों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है कि परिचालक के पास भी लाइसेंस होना अनिवार्य है।

■ परिवहन विभाग की कार्रवाई के बाद भी बस मालिकों का ध्यान नहीं

### बस संचालक पर होगी सख्त कार्रवाई

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी सड़कों में वाहनों के साथ यात्री बसों की जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बिना लाइसेंस के परिचालक मिले तो बस संचालक पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी।*

# पीलूर एवं सण्ड्रा क्षेत्र के अनेक शैक्षणिक संस्थाओं को माओवादियों ने कराया था बंद, अब पढ़ाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संयुक्त संचालक, शिक्षा हेतराम सोम ने बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपटनम के अनेक शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कोरम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला, खंड स्त्रोत समन्वयक यालम शंकर, संकुल समन्वयक पीलूर चन्द्रशेखर अप्पाजी साथ रहे। वर्ष 2005 में पीलूर एवं सण्ड्रा क्षेत्र के अनेक शैक्षणिक संस्थाओं को माओवादियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर बंद कर दिया गया था।



तत्पश्चात शासन एवं प्रशासन के प्रयासों से इन क्षेत्रों में पुनः विद्यालयों का संचालन प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में इन विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे सुदृढ़ हो रही है। सभी संस्थाओं ▶▶|शेष पेज 12 पर




# 4 दशक बाद बनी सीसी सड़क से कालोनीवासियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के गीदम रोड स्थित विद्युत कंपनी के कार्यालय एवं परिसर कालोनी 40 पूर्व निर्माण किया गया था। इस कालोनी के डामरीकरण सड़क मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गई थी, जिसमें कालोनीवासियों को चलना मुश्किल हो गया था। इसके चलते विद्युत कंपनी ट्रांसमीशन की ओर से कालोनी में 15.88 लाख रूपए लागत से 373 मीटर सीसी सड़क का निर्माण किया गया। बताया जा रहा है कि 4 दशक (40 वर्ष) से अधिक समय से बदहाल पड़ी बिजली कालोनी की सड़क अब सीसी सड़क के रूप में तब्दील हो गई है। लंबे समय तक



टूटी-फूटी सड़कों, जलभराव और धूल-मिट्टी की समस्या झेल रहे कालोनी वासियों के 67 परिवारों को इस नवनिर्माण से बड़ी राहत मिली है। कालोनी निवासियों के अनुसार लगभग चार दशकों से इस मार्ग का डामरीकरण या पुनरुद्धार नहीं हुआ था, जिससे यह जर्जर हालत में थी। पक्की सीसी सड़क बनने से बारिश में होने वाले जलभराव और कीचड़ की समस्या ▶▶|शेष पेज 12 पर

# स्पंज एवं पावर प्लांट के खिलाफ धरना जारी, पहुंचे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने आज बस्तर ब्लाक के ग्राम चपका में गोपाल स्पंज एवं पावर प्रा.लि. के विरुद्ध ग्रामीणों के द्वारा किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से कहा कि आपके इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी साथ खड़ी है। कहीं भी कोई कारखाना तभी लग सकता है जब वहां के लोग अपनी सहमति देंगे। यदि यहां ग्रामीण विरोध में है तो इस पर शासन प्रशासन को तत्काल ग्रामीणों के साथ चर्चा कर सही स्थिति



बतानी चाहिए। ग्रामीणों का विरोध अनायास नहीं होता। इसके पीछे पर्याप्त कारण होंगे। वैसे भी बस्तर में 5वीं अनुसूची और पेसा कानून लागू है इसलिए किसी भी उद्योग के लिए आम सहमति जरूरी है। सरकार नियम से बाहर जाकर अगर काम करेगी तो ग्रामीणों के विरोध के साथ कांग्रेस भी सड़क में उतरेगी।



## खबर संक्षेप

### पखांजूर के दिव्यांग मूल्यांकन शिविर से 27 लाभान्वित हुए



**कांकेर।** जिले में दिव्यांगजनों के मूल्यांकन शिविर का आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव श्रीरसागर निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पखांजूर के गैंदसिंह भवन में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिवयांगजनों का प्रमाणीकरण के साथ ही यूडीआईड कार्ड बनाए गए एवं सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में 15 दिव्यांगजनों का मेडिकल, 6 नवीनीकरण, 2 व्हील चेयर, 1 श्रवण यंत्र, 2 बैशाखी, 1 सीपी चेयर, 1 ट्रायसायकल, 1 बेटरी सायकल इस प्रकार कुल 27 हितग्राही को सहायक उपकरण वितरण किया गया तथा 03 हितग्राहियों का पेंशन प्रकरण बनाए गए। शिविर में समाज कल्याण की विभागीय टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सों के टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता मूल्यांकन किया गया।

### पीएम आवास 30 तक करें पूरा पंचायतों में तीन कार्य अनिवार्य



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में आयोजित समीक्षा बैठक में सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने अधिकारियों और पंचायत सचिवों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सभी लंबित लक्ष्य 30 अप्रैल तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं और अधूरे आवासों का निर्माण तेजी से कराया जाए। बैठक में 1 मई से शुरू होने वाले बस्तर मुन्ने कार्यक्रम की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति, परंपरा और जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। ग्राम सभाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा में कम से कम तीन सामुदायिक कार्यों के प्रस्ताव अनिवार्य रूप से पारित किए जाएं। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और सामुदायिक भवन जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सीईओ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बस्तर मुन्ने कार्यक्रम से हर पात्र तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

## बड़ेराजपुर जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में शासकीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित बस्तर मुन्ने कार्यक्रम को लेकर जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में नोडल अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शत–प्रतिशत संतृप्तिकरण सेच्युरेशन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि एनसीएईआर सर्वेक्षण के तहत नियद नेल्लानार अभियान में चिन्हित 31 योजनाओं से वंचित परिवारों को इस कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ा जाएगा। लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण जारी है, संभावित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है, पात्रता के आधार पर योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जाएगा।

### पांच चरणों में चलेगा पूरा अभियान

कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए इसे पांच चरणों में लागू किया जा रहा है प्रथम चरण ग्राम पंचायतों को योजनावार लक्ष्य, पात्रता मापदंड, दस्तावेज एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। द्वितीय चरण ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पात्रता परीक्षण एवं योजनाओं का लाभ वितरण किया जाएगा। छूटे परिवारों का भी पंजीयन होगा। तृतीय चरण ग्राम स्तर के लंबित मामलों का क्लस्टर स्तर पर समाधान किया जाएगा। चतुर्थ चरण विकासखण्ड स्तर पर जिला अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का निराकरण और शिविरों का मूल्यांकन होगा। अंतिम चरण पूरे अभियान की समीक्षा, प्रभाव का आकलन एवं थर्ड पार्टी फीडबैक लिया जाएगा।

### पंचायती राज दिवस से ग्राम सभाओं में बढ़ेगी भागीदारी



24 अप्रैल पंचायती राज दिवस से एक सप्ताह तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर गांवों के लिए तीन प्रमुख सामुदायिक कार्योंं का चयन किया जाएगा, जिन पर आगे स्वी—ति लेकर अमल किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं और जिले के समग्र विकास को गति दें। बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के माध्यम से कोंडागांव जिले में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत पहल देखने को मिल रही है।

**बैठक :** प्रधान जिला न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में बैठक

# नेशनल लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निराकरण की रणनीति बनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को अधिक प्रभावी और परिणामदायी बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रिगरी ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, ऋण समझौते, बकाया प्रकरणों के निपटारे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि नगरपालिका परिषद में लंबित जल कर, मकान कर, दुकान कर सहित अन्य करों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता से लोक अदालत में रखा जाएगा। इसके साथ ही दूरसंचार विभाग के बिल वसूली प्रकरण तथा बैंकों के प्री–लिटिगेशन मामलों को भी अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से निपटाने की योजना बनाई गई।



### प्री–लिटिगेशन मामलों को शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्री–लिटिगेशन प्रकरणों को शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर पक्षकारों के बीच प्री–सिटिंग की कार्यवाही पूरी की जाए, ताकि लोक अदालत में उनका त्वरित निराकरण हो सके। इस बैठक से स्पष्ट है कि कोंडागांव में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रशासन और विभागों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जा रहा है, जिससे आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ–साथ नगरपालिका, दूरसंचार विभाग एवं विभिन्न बैंक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### थाना प्रभारियों की बैठक संपन्न



कोण्डागांव। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. गायत्री साय सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्धेश्य लोक अदालत के सफल आयोजन, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण तथा न्यायपालिका और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। न्यायाधीश श्री रिगरी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत आम नागरिकों को त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इससे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का बोझ कम होता है और लोगों को बिना लंबी प्रक्रिया के न्याय मिल पाता है। बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्रें में ऐसे लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करें, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से निपटाया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि पुलिस की सक्रिय भूमिका से अधिक से अधिक मामलों का समाधान संभव है। बैठक में विशेष रूप से निम्न प्रकरणों के अधिकतम निराकरण पर जोर दिया गया आबकारी अपराध से जुड़े मामले ट्रैफिक चालान, राजीनामा योग्य सामान्य अपराध, छोटे धाराओं वाले प्रकरण, प्री–लिटिगेशन (पूर्व वाद) मामले, जनता को शीघ्र न्याय दिलाने का लक्ष्य अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का समाधान कर आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराया जा सके। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कोंडागांव प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है।

# कलेक्टर पन्ना ने स्वयं भरा स्व-गणना फॉर्म



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के तहत स्व–गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपना फॉर्म भरकर मकान–सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की। इस पहल के माध्यम से उन्होंने जिले के नागरिकों को भी स्व–गणना में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं संयुक्त निदेशक आईटी हेमंत भगत सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्व–गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व–गणना की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान नागरिक पोर्टल पर जाकर एसई आईडी के माध्यम से अपने मकान और परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

***1 मई से घर–घर पहुंचेगी प्रगणक टीम*** *– स्व–गणना के बाद 1 मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा घर–घर जाकर मकान–सूचीकरण और जनगणना का कार्य किया जाएगा, जिससे छूटे हुए परिवारों का भी विवरण दर्ज किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्व–गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि जनगणना कार्य सटीक और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।*

# संपूर्णता अभियान 2.0 का समापन : प्रगति की समीक्षा स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** आकांक्षी जिला कोंडागांव के आकांक्षी ब्लॉक माकड़ी में संपूर्णता अभियान 2.0 की अंतरिम समीक्षा बैठक सह समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत माकड़ी के सीईओ गजेंद्र धुरडे ने की। बैठक में 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित अभियान की गतिविधियों के आधार पर विभिन्न विभागों के प्रमुख इंडिकेटर्स की उपलब्धियों और प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान नीति आयोग के कंसल्टेंट संतोष कुमार सितारे, माइक्रोसेव के प्रतिनिधि खगेन्द्र कुमार तथा पीरामल फाउंडेशन से प्रदीप राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की गई और उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए सत्र का औपचारिक समापन किया।



बैठक के पश्चात अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान जच्चा–बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती महिलाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों की देखभाल सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया।

**समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास का संकल्प** – कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भविष्य में भी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। संपूर्णता अभियान 2.0 के समापन के साथ ही कोंडागांव जिले में विकास कार्यों की गति को और मजबूत करने की दिशा में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

# पंचायत प्रतिनिधियों की नहीं मिल रहा मानदेय, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- जनदर्शन में जयप्रकाश ने कलेक्टर से की जल्द भुगतान की मांग
- 5 से 8 माह से लंबित मानदेय का मामला गरमाया
- माकड़ी, बड़ेराजपुर केशकाल और कोंडागांव क्षेत्र ज्यादा प्रभावित

जिले के ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने का मुद्दा अब जनदर्शन में उठाया गया है। जयप्रकाश नेताम ने जिला कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की।

आवेदन में बताया गया कि जनपद पंचायत माकड़ी क्षेत्र के सरपंच एवं पंचों को पिछले 5 माह से मानदेय नहीं मिला है। इसी तरह बड़ेराजपुर क्षेत्र में 8 माह, केशकाल में 4 माह, कोंडागांव क्षेत्र में 2 माह से मानदेय लंबित है। इससे जनप्रतिनिधियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जयप्रकाश नेताम जो ग्राम पंचायत तमरावंड के सरपंच होने के साथ ही सीपीआई जिला परिषद कोंडागांव के सहायक सचिव भी हैं, ने आवेदन में उल्लेख किया कि जनप्रतिनिधि गांवों के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, ऐसे में मानदेय का समय पर भुगतान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने



जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर जिले के सभी चारों जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का लंबित मानदेय जल्द से जल्द जारी कराया जाए।

### जनप्रतिनिधियों में बढ़ रही नाराजगी

मानदेय भुगतान में लगातार देरी से जनप्रतिनिधियों में असंतोष बढ़ रहा है। जनदर्शन में उठे इस मुद्दे के बाद अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। जनदर्शन में उठी यह मांग ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की आर्थिक स्थिति से जुड़ा अहम मुद्दा बन गई है, जिस पर जल्द निर्णय की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा आक्रामक विधायक लता ने विपक्ष पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- 30 अप्रैल तक निंदा प्रस्ताव अभियान चलाने की घोषणा

महिला आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। शहर में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पार्टी 30 अप्रैल तक देशभर में निंदा प्रस्ताव अभियान चलाकर विपक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को भेजेगी।

विधायक लता उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस कानून के क्रियान्वयन में बाधा डालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े हैं और नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। देश की आधी आबादी के साथ कांग्रेस ने धोखा किया है, यह कहते हुए उन्होंने विपक्ष के रुख को महिला विरोधी बताया। उसेंडी ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा सीटों का निर्धारण 1971 की जनगणना के आधार पर है, जबकि देश की आबादी अब काफी बढ़ चुकी है। ऐसे में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू होने से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि होगी। भाजपा द्वारा इस मुद्दे को जन–जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों में जाकर महिला आरक्षण के समर्थन में प्रस्ताव पारित कराएंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी पहल, महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बना रही हैं।




### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमशीला नाग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, महामंत्री अनिल अग्रवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*

## स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रहा आयोजन

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, पीपीटी प्रेजेंटेशन, वाद–विवाद तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, कचरा प्रबंधन और हरित वातावरण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई द्वारा किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शशिभूषण कन्नौजे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जन्तु शास्त्र विभागाध्यक्ष शोभा राम यादव उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने मारी बाजी** – रंगोली प्रतियोगिता निकिता साहू प्रथम, ज्योति मानिकपुरी द्वितीय, दीपिका कुलदीप तृतीय, मॉडल प्रदर्शनी तनु नागेश प्रथम, नंदनी देवांगन द्वितीय, भूपेंद्र तृतीय, वाद–विवाद प्रतियोगिता राजबत्ती मंडावी प्रथम, कुसुम कोर्राम द्वितीय, अमरबत्ती मरकाम तृतीय, पोस्टर मेकिंग पुष्पलता मरकाम प्रथम, भूमिका मंडावी द्वितीय, निहारिका कश्यप तृतीय, प्रश्न मंच प्रतियोगिता रेणुका ठाकुर प्रथम, अविता पोटाई द्वितीय, परमेश्वरी तृतीय।

**विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ** – कार्यक्रम का संचालन कुसुम पांडे एवं हरिचंद्र नेताम ने किया। आभार प्रदर्शन भूगोल विभाग के अतिथि व्याख्याता जगतू राम नेताम ने किया। कार्यक्रम के अंत में एम.ए. भूगोल के विद्यार्थी सहेरा, ताहेरा, उमेश्वरी, लखेश्वरी, देवन्तीन, श्वेता पटेल, अजीत, नागेश, काजल एवं मेंगोती ने सभी को स्वच्छता बनाए रखने और पृथ्वी संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।

पेज 11 के शेष...

### पीलूर एवं सण्ड्रा...

में शिक्षक एवं शिक्षादूत उपस्थित पाए गए। जिला प्रशासन की पहल पर शालाओं में टीवी एवं सोलर विद्युत की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे शिक्षण कार्य में नवाचार संभव हुआ है। विद्यालयीन सामग्री खुले स्थानों पर रखी गई है किन्तु ग्रामीणों के सहयोग से सभी सामग्री सुरक्षित पाई गई। इस पर संयुक्त संचालक ने ग्रामीणों की सराहना की। दल ने प्राथमिक शाला चिल्लामारका, पीलूर, सफीमारका, बड़ेकाकलेड़ तथा पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेकाकलेड़ का भ्रमण किया गया । प्राथमिक शाला पीलूर के निमार्णाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण कर उपयोग में लाने के निर्देश दिये। प्राथमिक शाला सफीमारका निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया। संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । संयुक्त संचालक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों के हाजिर जवाब एवं सीखने की क्षमता से वे प्रभावित हुए और प्रशंसा की। शिक्षा के प्रति समर्पित होकर कार्य करें शिक्षकों एवं शिक्षादूतों से चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति अधिक समर्पित होकर कार्य करने प्रेरित किया। सुरक्षा बलों एवं प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्य सडक, पुल-पुलिया, विद्यालय भवन निर्माण और व्यवस्था को सराहा। दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को पुनः स्थापित करने के प्रयासों की प्रशंसा की । उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के समस्त बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए । कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इस हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। शिक्षकों के लिये आवासीय सुविधा विकसित करने प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### 4 दशक बाद...

से निजात मिली है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और वाहन चालकों के लिए आवागमन अब सुगम और सुरक्षित हो गया है। इस निर्माण कार्य से कॉलोनी में रहने वाले परिवारों ने खुशी व्यक्त की है और इसे बुनियादी सुविधाओं में बड़ा सुधार माना जा रहा है।

**राहत के लिए बनाई सीसी सड़कः** ट्रांसमीशन के कार्यपालन अभियंता हेमंत टोप्पो ने बताया कि कालोनी की सड़क ट्रांसमिशन तक जाती है, जर्जर सड़क से परेशानी हो रही थी, इसलिए ट्रांसमिशन सीसी सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क में कालोनीवासियों के लिए राहत मिली है, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हुआ।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में निर्देशों का पालन करना अनिवार्य

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यापंम द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। हालांकि यह परीक्षा प्रदेश के चुनिंदा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा की समय-सारणी के अनुसार यह लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित होगी। सुरक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। ताकि उनकी सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। समय की पाबंदी को लेकर निर्देश अत्यंत सख्त हैं। परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार ठीक सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### रचनात्मक एवं मनोरंजक स्पर्धा में बच्चे हुए शामिल



**भानपुरी।** कारितास इंडिया अंतर्गत संचालित खुशहाल बचपन परियोजना के तहत कावड़गांव क्लस्टर के चेराकुर, गोंदियापाल, बासपानी, जाटनपाल, गुरिया, कावड़गांव, गुमगा एवं कुगारपाल गांवों में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा अवकाश के समय का सदुपयोग सुनिश्चित करना था। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला, खेलकूद, कहानी वाचन, म्यूजिक गतिविधि एवं दौड़ प्रतियोगिता जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की माया यादव, ग्राम के सरपंच, शिक्षकगण, पालकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी साथ ही परियोजना के जिला कार्यक्रम से अवधेश कुमार, सीई एवं एकेडमिक मेंटर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में व्यवसाईं स्वरूप सुराना, पटवारी कृष्णा राम बघेल, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। मां भारती, सरस्वती, ओम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात कक्षा अरुण से नवम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमे अरुण कक्षा मे प्रथम कुमारी आइसा, उदय कक्षा में प्रथम वेणु नाग, प्रथम कक्षा में कुमारी आकृति सिंह, द्वितीय कक्षा में विद्या चंद्रवंशी, तृतीय कक्षा में अभिमन्यु गुप्ता, चतुर्थ कक्षा में आकाश सोढ़ी, षष्टम कक्षा में कुमारी प्रियंका पटेल, सप्तम कक्षा में कुमारी खुशी चंद्राकर, नवम कक्षा में चांदनी नाग प्रथम स्थान पर रहे।

### नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य समापन

# इंद्रावती नदी से जल लाकर कलश यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोल्लागुड़ा में नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दौरान मंडपाच्छादन, कलश यात्रा एवं विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं देखी गई। इंद्रावती नदी से पवित्र जल लाकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं की विशेष सहभागिता रही। लगभग 4 किलोमीटर दूर से जल लाकर श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसी पवित्र जल से मां दुर्गा का अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।







श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिर परिसर छोटा पड़ गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के रूट को डाईवर्शन किया गया। जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सका। ब्लॉक के लगभग सभी पंचायतों से श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पंडित श्रीधर शर्मा, सुरेश बाबू, महिंदर शर्मा, आदित्य शर्मा, गणेश शर्मा एवं रोहित शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान गांव में मेले जैसा वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए तीन दिनों तक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मां दुर्गा के साथ-साथ नवग्रह देवताओं की भी स्थापना की गई। भोपालपटनम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को पांच प्रमुख मंदिरों के दर्शन का लाभ मिलेगा जिनमें शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, बालाजी स्वामी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर तथा निमार्णाधीन मां बम्लेश्वरी मंदिर शामिल हैं।

धार्मिक मान्यता है कि एक साथ पांच मंदिरों में दर्शन करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश देकर गया।

### दोरनापाल में शहीद स्मारक का लोकार्पण

# डीआईजी सहित कई अधिकारियों ने वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

जिले के दोरनापाल के बुरकापाल घटना में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन वीरों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

- जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक

सुकमा जिले के दोरनापाल स्थित 74वीं बटालियन मुख्यालय में वर्ष 2017 की बुरकापाल घटना में शहीद हुए वीर जवानों की पावन स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण शुक्रवार को एक गरिमामय समारोह के साथ किया गया। यह स्मारक उन वीर जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।इसके पश्चात डीआईजी सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित, कमांडेंट हिमांशु पांडे एवं कमांडेंट कुमार मयंक ने बुरकापाल पहुंचकर घटनास्थल के समीप स्थित स्मारक पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित उपस्थित रहे। उनके साथ 74वीं बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे सहित 159, 223 एवं 226 बटालियन के अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे। डीआईजी राजपुरोहित ने पूजा-अर्चना एवं औपचारिक प्रक्रिया के साथ शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन वीरों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि नक्सलियों से मुक्ति दिलाने में सभी जवानों ने अंतिम सांस तक ज़ंग लड़ी, नतीजन आज नक्सल मुक्त क्षेत्र हो गया।

#### नक्सल मुक्ति में जवानों की अहम भूमिका

इस अवसर पर वर्ष 2017 की बुरकापाल घटना को नम आँखों से याद करते हुए डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक समय क्षेत्र में नक्सलवाद अपने चरम पर था और दोरनापाल से जगरगुंडा मार्ग निर्माण के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाते थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गए एंबुश में कई वीर जवान शहीद हो गए थे। जगरगुंडा मार्ग के निर्माण में अनगिनत जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिसके परिणामस्वरूप आज सुकमा जिला नक्सलमुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर पाया है।

#### राष्ट्र सेवा के लिए रहे सदैव तत्पर

समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ किया गया।

#### भावुक हुआ समारोह

लोकार्पण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों को सलामी दी। पूरे समारोह के दौरान वातावरण अत्यंत भावुक और श्रद्धामय रहा। शहीदों की अमर स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# शहर के भीतर ही कार्यों में खुलेआम गड़बड़ी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा नगरपालिका में इन दिनों निर्माण कार्य बेलगाम हो चुका है। कमीशनखोरी के आगे गुणवत्ता इन दिनों नतमस्तक है। आलम यह है कि वर्षों से भ्रष्टाचार में लिप्त नपा के सब इंजीनियर को वार्ड क्रं. 3 में हुए निर्माण कार्य की न ठेकेदार की जानकारी है और न ही लागत की।

नक्सल मुक्त बस्तर के बाद बीहड़ो में जहां प्रशासनिक कसावट देखने को मिल रही है तो दूसरी ओर शहर के भीतर ही गुणवत्ता तार-तार हो रही है। आलम यह है कि ठेकेदार द्वारा संपादित कार्य स्वयं नपा अध्यक्ष के गृह वार्ड में ही आईना दिखा रही है।

- नप अध्यक्ष के ही वार्ड में घटिया सीसी सड़क निर्माण

नगर पालिका परिषद इन दिनों भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है। एक ओर जहां प्रदेश की विष्णुदेव सरकार विकास कार्यों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति बना रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष के वार्ड नंबर 3 में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य ने पूरे इलाके में आक्रोश और असंतोष की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों में चर्चा है कि कुछ लोग जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के प्रयास में है।

#### उपयोग होना था 20 एमएम

नपा के वार्ड क्रं. 03 में चल रहे सीसी निर्माण कार्य स्थल पर बड़े-बड़े पत्थरों और बोल्डरों का इस्तेमाल कर सड़क की नींव तैयार की जा रही है, जिसे ऊपर से मात्र सीमेंट की पतली परत डालकर पूरा दिखाया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार का निर्माण लंबे समय तक टिकाऊ नहीं होता और कुछ ही महीनों में टूट-फूट की स्थिति पैदा हो सकती है।

#### निर्धारित मापदंड का उपयोग नहीं

नपा के द्वारा संपादित सीसी सड़क निर्माण कार्य जमीनी हकीकत ने पोल खोल दी है। जब इस निर्माण कार्य का जायजा लिया गया तो कई चैंकाने वाले तथ्य सामने आए। सड़क की मोटाई और मजबूती को लेकर निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिना उचित लेवलिंग और बेस तैयार किए सीधे क्रांकीट डाल दिया गया है। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। तकनीकी जानकारों का कहना है कि मौके पर वायब्रेटर होना चाहिए साथ ही मसाले की मात्रा भी निम्न स्तर की बताई जा रही है।

#### वर्षों से जमे हैं सब इंजीनियर

नगरपालिका सुकमा में पदस्थ सब इंजीनियर सौरव कश्यप की कार्यप्रणाली हमेशा चर्चा में रही है। नपं दोरनापाल तथा नपा सुकमा में संयुक्त रूप से कार्य कर रहे उक्त अधिकारी पूर्व से ही विवादों में रहे है। सूत्रों की माने तो उक्त के द्वारा माप पुस्तिका में सड़कों की लंबाई ज्यादा बताकर शासन को करोड़ों का चुना लगाया गया है।

#### पता करना पड़ेगा : सौरभ

नगर पालिका सुकमा में पदस्थ सब इंजीनियर सौरभ कश्यप से जब वार्ड क्रं. 03 में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी चाही गई तो उन्होंने अनिभिज्ञता जताते हुए पता करने की बात कही। ज्ञात हो कि सुकमा नपा में वर्तमान में आधा दर्जन ही निर्माण कार्य प्रगति में है बावजूद एक जिम्मेदार अधिकारी को शहर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी न होना कई सवालों को जन्म देता है।

# सुशासन के बहाने जनता के जख्मों पर फिर उत्सव का मरहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

प्रदेश सरकार द्वारा एक बार फिर सुशासन त्योहार मनाने की तैयारियों के बीच उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए प्रहार किया है। जब पिछले वर्ष आम जनता से लिए गए हजारों आवेदनों का आज तक संतोषजनक निराकरण नहीं हो पाया, तब पुनः उसी प्रक्रिया को दोहराना केवल औपचारिकता, दिखावा और राजनीतिक प्रचार से अधिक कुछ नहीं है।

विधायक ने कहा कि बीते वर्ष गांव-गांव में शिविर लगाकर अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन लिए गए थे उस समय जनता को भरोसा दिलाया गया था कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा, लेकिन आज अधिकांश आवेदन फाइलों में धूल खा रहे हैं और आमजन अपने ही अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना का अधूरा क्रियान्वयन, वन अधिकार पट्टा वितरण में देरी, वृद्धा पेंशन के लंबित प्रकरण, राजस्व मामलों का निराकरण, सड़क, बिजली और आवास जैसी मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने पूरे विश्वास के साथ अपनी समस्याएं शासन तक पहुंचाई थीं, लेकिन समाधान के अभाव में उनका विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट सवाल उठाये हैं कि आखिर पिछले वर्ष प्राप्त आवेदनों का लेखा-जोखा कौन देगा कितने आवेदनों का निराकरण हुआ, कितने अब भी लंबित हैं और कितनों को केवल आश्वासन देकर टाल दिया गया। यह पारदर्शी जानकारी सरकार को सार्वजनिक करनी चाहिए। सुशासन केवल आयोजन, मंच, माइक और प्रचार तक सीमित नहीं हो सकता वास्तविक सुशासन वही है जिसमें जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो यदि सरकार सचमुच सुशासन के प्रति गंभीर है, तो पहले पुराने लंबित मामलों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करे।

#### महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिल रही



विधायक ने कहा कि महिलाओं को मिलने वाली महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कई हितग्राहियों को राशि नहीं मिल रही है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी सुचारू नहीं है। छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कई किसान धान नहीं बेच पाए, जिससे वे ऋणी हो गए हैं और अब कर्ज चुकाने की चिंता उन्हें सताने लगी है। बस्तर क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जनता बिजली की आंख-मिचौली से परेशान हो चुकी है। बार-बार बिजली बाधित होने से आम नागरिकों के साथ किसान भी भारी संकट झेल रहे हैं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर नहीं बदले जा रहे, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तर क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लोराइड युक्त पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार इसके समाधान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाती नजर नहीं आ रही है।

### जनगणना प्रशिक्षण के अंतिम दिन कलेक्टर का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित जनगणना 2027 के तृतीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज अंतिम दिवस रहा। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करें ताकि जनगणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्यों में आवश्यक गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एकत्रित की जाने वाली जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic — Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Satya TRUCKING PVT. LTD.

आवश्यकता है

बिजनेस एक्जीक्यूटिव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव

रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव

कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव

इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव

फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय नगरी जिला- धमतरी छ.ग.

**:: शपथ-पत्र ::**

देवकमल साहू उम्र 30 साल पिता पंकज कुमार साहू जाति- तेली निवासी- मोदे तह. नगरी जिला-धमतरी छ.ग. ..... शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता देवकमल साहू नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ-

1. यह कि मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मेरा पुत्री का जन्म दिनांक 17/07/2020 को उपाध्याय नर्सिंग होम धमतरी में होने पर उसका जन्म पंजीयन नगर पालिका धमतरी में कराया गया है। जन्म के समय उसका नाम एश्वर्या (ASVARYA) दर्ज कराया गया था।
2. यह कि मेरी पुत्री का उक्त नाम के स्पेलिंग संबंधी त्रुटि होने के कारण परेशानी हो रही है, अतएव मेरी पुत्री का सही नाम ऐश्वर्या साहू (AISHWARYA SAHU) किये जाने बाबत मैं यह शपथ पत्र जन्म पंजीयन में सुधार कर नया जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने बाबत नगर पालिका धमतरी में पेश कर रहा हूँ।
3. यह कि मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है, तथा मेरी पुत्री का नाम सुधार कर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति बाबत यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूँ।

अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापनः- मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका एक से तीन तक में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः की जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। अतः आज दिनांक को नगरी में अपना हस्ताक्षर किया।

दिनांक 25 MAY 2024 — देवकमल साहू शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार नानगुर, जिला बस्तर, छ.ग.**

रा.प्र.क्रं. 202604151600033/अ-21(2)/2025-2026
ग्राम नियानार प.ह.नं. 01 तहसील नानगुर

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा ग्राम नियानार प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. नानगुर तहसील नानगुर के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला बस्तर जगदलपुर छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक/क/रीडर/कले./2025-2026 जगदलपुर दिनांक 22/4/2026 के अनुसार परिवर्तित भूमि विक्रय हेतु आवेदक (विक्रेता) ज्योतिश्वर कुरूप पिता स्व. टी. व्ही. मोहन निवासी ग्राम पल्ली, पो. आ. कुम्हरावण्ड तहसील जगदलपुर जिला बस्तर अपने स्वामित्व की ग्राम नियानार प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. नानगुर तहसील नानगुर जिला बस्तर स्थित भूमि खसरा नं. 113/2, रकबा 1.46 हेक्टेयर या 15715 वर्गफुट भूमि को भूखण्डीय आवासीय कॉलोनी में पृथक-पृथक भू-खण्डों की विक्रय किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/05/2026 दिन गुरूवार को सुबह 11:00 बजे नियत की गई है। जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है, तो उक्त सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है, समयोपरांत किसी के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार नानगुर

**राजस्व मामले में नोटिस**

न्यायालय - अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पखांजूर तहसील - पाखंजूर जिला-कांकेर
राजस्व प्रकरण क्रमांक -202601140300003
मामले का विषय -अ-27 (विवादित खाता विभाजन)
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार गोलक बैरागी,
अनावेदक पक्षकार - हिरामान बैरागी, बिरेन्द्र बैरागी, श्रीमती कनिका बैरागी, सुबीर बैरागी, प्रबीर बैरागी,

**भूमि का विवरण जिसके संबंध मे विवाद विचारधीन है**

जिला-कांकेर तहसील-पाखंजूर प.ह.नं.-00001 ग्राम (खसरा (रकबा)। रविन्द्रनगर आवेदक/ अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है नाम - श्रीमती कनिका बैरागी पिता स्व. धीरेन्द्र बैरागी, पता-निवासी ग्राम पी.व्ही.17 रविन्द्रनगर तहसील पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर।

आपको सूचित किया जाता है की उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख -29/04/2026 दिन के 11 बजे, स्थानः अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर पर होगी विषयः न्यायालय में उपस्थिति हेतु नियत।

नोटिस दिनांक-16/04/2026
नोटिस क्रमांक-023

राजस्व अधिकारी- (TIKA RAM DEWANGAN)
पदनाम-(अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पृष्ठांकन क्रमांक 1 बुलाये गए व्यक्ति के हस्ताक्षर
पृष्ठांकन क्रमांक 2 तारीख करने संबंधी पृष्ठांकन तारीख- / / / को मेरे द्वारा तामील किया गया।

मुहर — तामील करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

## खबर संक्षेप

### पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाई



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करने में इन संस्थाओं की भूमिका अतुलनीय है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पंचायतों को सीधे फंड आवंटित कर उन्हें सशक्त बनाया है। ताकि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इसी तरह प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतें 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को पूरा करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगीं।

### महापौर चुनावी प्रचार में बाहर शहर में समस्याओं का अंबार



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि महापौर संजय पांडे लापता हैं। वे पार्टी के चुनावी प्रचार में गए हुए हैं। शहर की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जनता की मूलभूत सुविधाएं व साफ-सफाई, नाली निर्माण, पानी की किल्लत और बदहाल सड़कों के काम अटके पड़े हैं। भीषण गर्मी का प्रकोप है। उन्होंने कहा शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान है।

### 28 अप्रैल से राज्य स्तरीय चयन ट्रायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में नए प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इस बड़े आयोजन के माध्यम से प्रदेश भर के प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं को तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के ट्रायल 28 और 29 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे, जबकि हॉकी और एथलेटिक्स के लिए 30 अप्रैल और 1 मई की तिथियां निर्धारित की गई हैं। यह सभी परीक्षण रायपुर के कोटा खेल परिसर एवं संबंधित स्टेडियमों में आयोजित होंगे। चयन प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी और व्यवस्थित रखा गया है, जिसके तहत 13 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

# ओडिशा संस्कृति से जुड़ी 85 पांडुलिपियों का मिला संग्रह

## कलेक्टर एसपी ने किया पांडुलिपि संग्रहकर्ताओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ज्ञानभारतम अभियान के अंतर्गत जिले में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं संग्रहण कार्य को गति दी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने सुभाष वार्ड के पांडुलिपि संग्रहकर्ताओं से संपर्क कर उनके पास सुरक्षित प्राचीन दस्तावेजों एवं पांडुलिपियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने पुरातन संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास की अमूल्य धरोहर है।





### बिखरी प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि ज्ञानभारतम अभियान के माध्यम से जिले में बिखरी हुई प्राचीन पांडुलिपियों को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने भी नागरिकों एवं संग्रहकतार्ओं से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके पास किसी प्रकार की प्राचीन पांडुलिपियां या ऐतिहासिक दस्तावेज सुरक्षित हैं तो उनकी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं ताकि उनका उचित संरक्षण किया जा सके।

निरीक्षण एवं संपर्क अभियान के दौरान उड़ीसा संस्कृति से संबंधित पांडुलिपि संग्रहणकर्ता नरहरि दास और रविन्द्र दास के यहाँ से लगभग 85 पांडुलिपियों का संग्रह पाया गया। इनमें उड़िया साहित्य में लिखित पांडुलिपि में आयुर्वेद, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक ज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां संरक्षित हैं। उन्होंने इन पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण, संरक्षण एवं सुरक्षित संधारण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा और राजस्व विभाग के अमले मौजूद रहे।

## कांग्रेस, बस्तर राज मोर्चा आया सामने, सुकमा को बचाने की लगाई गुहार

# लाल मिट्टी डंपिंग को लेकर उठने लगे विरोध के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय में लाल मिट्टी को लेकर जनप्रतिनिधि आंखे लाल करते नजर आ रहा है। लौह अयस्क के टेलिंग्स को सुकमा में डंप करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस मामले को लेकर विपक्षी खुलकर सामने आ गये है।

बीते साल भारी विरोध के बाद जिस डंपिंग को बंद कराया गया था उसी जगह पर अब एएमएनएस के ठेकेदार की पोकलेन मशीनें और हाइवा वाहन फिर से पहुंचने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक डंपिंग यार्ड में पिछले कुछ दिनों से हाईवा की आवाजाही शुरू हो चुकी है।

गंभीर पहलू यह है कि जिस स्थान पर टेलिंग्स डंप की जा रही है वह शबरी नदी से महज 150 मीटर की दूरी पर है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों के मुताबिक नदी, नाले और जल स्त्रोतों के पास किसी भी प्रकार के खनन अपशिष्ट का डंप प्रतिबंधित है। इसके अलावा, डंपिंग स्थल के आसपास खेती योग्य भूमि भी मौजूद है, जिससे किसानों को मिट्टी, पानी और फसल प्रदूषण का खतरा है।

**जब सड़के हो गई क्षतिग्रस्त :** बीते वर्ष जब सुकमा में आयरन वेस्ट डंप किया जा रहा था, तब प्रतिदिन सैकड़ों हाईवा शहर और ग्रामीण सड़कों से गुजर रहे थे। कई सड़कें केवल 12 टन क्षमता की थीं, लेकिन उन पर ओवरलोड हाईवा दौड़ने से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इससे आम लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ और जनप्रतिनिधियों ने चक्का जाम कर विरोध किया था।





### शबरी नदी के पानी पर पड़ेगा सीधा दुष्प्रभाव



बस्तर राज मोर्चा के नेता रामा सोड़ी ने ज्ञापन सौंप कर कहा कि सुकमा में लाल मिट्टी परिवहन किसी के निजी जमीन पर डालने की तैयारी चल रही है। ऐसी स्थिति में जल प्रदूषण, कृषि भूमि शबरी नदी के पानी पर सीधा दुष्प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस पर तत्काल रोक लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2005 से शबरी नदी के पानी से पाईप लाईन के माध्यम से लौह चूर्ण परिवहन किया जा रहा है। अनुबंध के अनुसार प्रति वर्ष विकास के लिए 3 करोड़ रुपए दिया जाना है। प्रभावित गांवों के स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा सुविधा व अन्य मूलभूत आवश्यकताएं पूर्ण करने का अनुबंध है। लेकिन विगत 20 वर्षों से प्रभावित गांवो में अनुबंध का पालन नहीं किया गया है।

### भविष्य के लिए हानिकारक साबित होगा



नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष आयशा हुसैन ने कहा कि जिला मुख्यालय में नियमों कि धज्जियां उड़ाकर लाल मिट्टी का वेस्ट मटेरियल डाला जा रहा है। नगर प्रशासन, जिला प्रशासन के गैर जिम्मेदाराना रवैये पर सवाल करते कहा कि यहां के लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है। नियमों को ताक में रखकर शबरी नदी के तट से 200 मीटर से भी कम दूरी पर लाल मिट्टी डाला जा रहा है जो आने वाले समय में भविष्य के लिए हानिकारक साबित होगा। पर्यावरण संतुलन को भी खतरा है, जिसका असर जलस्तर तक पहुंच सकता है।

### रोक लगाने की मांग

दुबारा पाईप लाईन विस्तारीकरण कर दुगुना पानी से लौह चूर्ण किरन्दुल से विशाखापटनम ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। पूर्व अनुबंध का पालन करते हुए जिले के प्रभावित गांवों को आवश्यक सुविधा नहीं दी गई है, इसलिए विस्तारीकरण पर रोक लगाना उचित होगा। शबरी नदी से ज्यादा पानी ले जाने से भविष्य में सुकमा वासियों को जल संकट से गुजरना पड़ सकता है, बस्तरिया राज मोर्चा सुकमा ने जनहित में रोक लगाने की मांग की है।

### आंदोलन किया जावेगा

आयशा ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार की योजना अमृत मिशन चल रही है तो दुसरी ओर क्या सरकार अमृत मिशन लाल मिट्टी का जहर डलवा कर पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद में बगैर अनुमति के लाल मिट्टी के वेस्ट मटेरियल को डाला जा रहा है। आने वाले समय में अगर शासन प्रशासन की आंखें नहीं खुली तो बहुत जल्द नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने आंदोलन किया जावेगा।

# चाकू दिखाकर गुण्डागर्दी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने के दो अलग मामले में पिड़िताओं की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

चाकू दिखाकर महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित किया गया था। गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ पहली कार्रवाई में आरोपी संजू श्रीवास्तव 19 वर्ष निवासी नयामुण्डा बलिराम कश्यप वार्ड को गिरफ्तार किया गया। मामले में पिड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र संजू श्रीवास्तव नशे का आदि है वह रोजाना नशे के हालत में आकर अपने माता पिता से अश्लील गाली गुप्तार कर धमकी देते रहता है। घटना दिनांक को भी आरोपी पुत्र नशा करके देर रात को घर आया इसी बात को लेकर मां के द्वारा डांटने पर वह गुस्सा होकर पीड़िता को अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे स्टील के धारदार चाकू को दिखाते हुए लहरा कर प्राथीर्या को धमकाया। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। गुण्डागर्दी का एक अन्य मामले में आरोपी सूरज कश्यप 22 वर्ष्ज्ञ निवासी संजय गांधी वार्ड को गिरफ्तार किया गया। मामले में पिड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई सूरज कश्यप रात्रि में घर के सामने आकर धमकी दी की तुम लोग मुझे जेल भिजवाए हो तुम लोगों को जिन्दा नहीं छोड़ूगां तुम लोगों का मर्डर कर दूंगा कहते हुए अश्लील गाली गुफ्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार चाकू लहराकर धमकी देने लगा। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

- दो अलग मामले में बोधघाट पुलिस ने की कार्रवाई

### इनकी रही भूमिका

दोनों मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, प्रकाश मनहर, आरक्षक होरीलाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समिति ने मनाया सत्य साई की महासमाधि दिवस



**जगदलपुर।** भगवान श्री सत्य साई के महासमाधी दिवस के अवसर दिनांक 24-04- 2026 दिन शुक्रवार को शहर के सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को भगवान श्री सत्य साई के महासमाधी दिवस पर नगर संकीर्तन, ध्वजारोहण, महानारायण सेवा (भंडारा) एवं आदरांजलि, सायंकालीन विशेष भजन किया गया। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य समन्वयक के एस रमैया, जिलाध्यक्ष संजय वैष्णव, सेवा प्रभारी डी. रमलू राव, जय सिंह राठौड़, कुणाल सूर्यवंशी, रोहन टांडे, जीतेंद्र रायकवार, बी संतोष, भोला मानिकपुरी, राकेश रायकवार, बी नागेश राव, विजय साई, बीएल रायकवार, निश्चय रायकवार, सभाजीत वर्मा, दिलीप पांडे, योगेश, मानिकपुरी, अनूप जैन, सलाम खुराना, कमलेश मंडल, आरसी खत्री, दिनेश साहू, लेखराज हिरवानी, रमन रमैया, डीके पिल्ले, राजकुमारी डोरा, रामा राव, उषा सलाम, बी मंजू, आकृति झा, मीना मालगांवकर, उपासना यादव, हर्ष यादव, लता राव, शोभा रानी, रेनू हिरवानी, गायत्री बर्मन, बी रक्षा राव, निधि रायकवार, सुषमा साहू, लिसा आचार्य आदि सदस्य ने सेवाएं दी।

# लौह अयस्क के अवैध परिवहन पर बीपीएस व माइनिंग ने पकड़ा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में अवैध लौह अयस्क परिवहन को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बाद बस्तर परिवहन संघ की पहल पर एक ट्रक जब्त किया गया है। इस ट्रक में कथित तौर पर अवैध रूप से लौह अयस्क का परिवहन किया जा रहा था। वहीं तीन अन्य ट्रक लेकर चालक फरार होने में सफल रहे।

- निजी प्लांट में खड़ा किया गया था लौह अयस्क से भरा ट्रक

जानकारी के मुताबिक बस्तर परिवहन संघ के पदाधिकारियों को सूचना मिली थी कि चार ट्रकों के जरिए लौह अयस्क का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस पर बीपीएस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक को शहर के एक निजी प्लॉट में खड़ा किया गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और खनिज विभाग की टीम ने प्लॉट मालिक भोला झा से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद वह मौके पर नहीं पहुंचे। निरीक्षण के दौरान यह भी संकेत मिले कि वहां पहले से लौह अयस्क का भंडारण किया गया था जिसे कुछ लोगों द्वारा हटाया जा चुका था। बीपीएस के पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी ऐसे मामलों में संलिप्तता पाए जाने पर भोला झा की करीब चार गाड़ियों को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। बावजूद इसके उन्हीं गाड़ियों में से एक का फिर से उपयोग होने की जानकारी सामने आई है। बस्तर में अवैध खनिज परिवहन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन और परिवहन संघ की संयुक्त कार्रवाई से पता चल रहा है कि अवैध लौह अयस्क परिवहन बदस्तूर जारी है। लौह अयस्क के अवैध कारोबार और ओवरलोडिंग का एक बड़ा मामला उजागर होने के बाद खनिज परिवहन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस्तर परिवहन संघ की सक्रिय निगरानी के दौरान चार संदिग्ध वाहनों की पहचान की गई जिनमें से एक ट्रक को पकड़ लिया गया जबकि तीन अन्य वाहन मौके से फरार होने में सफल रहे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इन वाहनों में बिना वैध दस्तावेजों के आयरन ओर का परिवहन किया जा रहा था।



### बीपीएस ने चलाया निगरानी अभियान

लगातार मिल रही शिकायतो के बाद परिवहन संघ ने निगरानी अभियान चलाया था। संघ के पदाधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और चार गाड़ियों का पीछा किया। इस दौरान एक वाहन को रोका गया लेकिन अन्य तीन ट्रक तेजी से निकल गए। पकड़े गए वाहन से जुड़े दस्तावेजों और माल की वैधता को लेकर गंभीर संदेह जताया गया है। बस्तर परिवहन संघ के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से अवैध परिवहन की सूचनाएं मिल रही थीं। ओवरलोड वाहनों के कारण नियमित सप्लाई चेन प्रभावित हो रही थी और वैध ट्रांसपोर्टरों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि पकड़ी गई गाड़ी रायपुर रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क लेकर आई थी। यही वाहन निजी परिसर में खड़ी मिला। बीपीएस ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत प्रशासन और खनिज विभाग से की गई है।

### खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई

बस्तर परिवहन संघ की शिकायत पर बड़े आरापुर से अवैध लोह अयस्क परिवहन करते जगदलपुर निवासी भोला झा की ट्रक को पकड़ा गया है जो ग्राम पंडरीपानी में छुपाकर रखा गया था। विभाग द्वारा दस्तावेज मांगा गया जिसके बार वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर वाहन को थाना में रखा गया। साथ ही आरोपित के विरुद्ध खान एव खनिज विनियम एवं विकास अधिनियम के तहत नियमानुसाए कार्रवाई की जाएगी।

**शिखर शेरपा**
जिला खनिज अधिकारी

# सीआरपीएफ का गौरवशाली इतिहास व अप्रतिम महत्व : कमाण्डेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

14वें स्थापना दिवस के अवसर सीआरपीएफ 227 बटालियन मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बल के वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया कर शहीदों को सलामी देकर शहीद स्मारक में श्रद्धाजंलि दी गई।

- सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 14वां स्थापना दिवस
- शहीदों को शहीदों को सलामी देकर शहीद स्मारक में दी गई श्रद्धाजंलि
- खेलकूद स्पर्धा का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति






स्थापना दिवस के अवसर पर खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई।

बटालियन कमाण्डेंट गोपाल कुमार गुप्ता ने स्थापना अवसर पर अधिकारियों व जवानों को सम्बोधित करते हुए बटालियन के गौरवशाली इतिहास व अप्रतिम महत्व से अवगत कराया। कमाण्डेंट गुप्ता ने कहा कि आज पूरे बस्तर में गर्व और उत्साह के साथ 14 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बल के वीर शहीदों को याद करते हुए विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बटानियन द्वारा शहीदों को सलामी व शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं मौन रखकर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी पूरे जोश व उमंग से किया गया। सीआरपीएफ मुख्यालय में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डीआईजी सुकमा रेंज आनंद सिंह राजपुरोहित व डीआईजी मध्य अंचल राजेन्द्र प्रसाद कलेक्टर सुकमा अमित कुमार, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ मुकुन्द ठाकुर व विभिन्न बटालियानों के कमाण्डेंट व अन्य सीनियर अधिकारी, एसडीओपी तोंगपाल, विभिन्न अस्पताल के डाक्टर, बैंक अधिकारी व स्कूलों के शिक्षक व छात्र छात्राएं शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया।

### प्रतिभागयों को किया गया पुरस्कृत

स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहिनी के कार्मिकों एवं स्कूल के बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम उपरांत आयोजित बड़ा खाने में भी आमत्रिंत अतिथियों व प्रतिभागियों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे दौरान कमाण्डेंट गुप्ता के अलावा उप कमाण्डेंट शशिकान्त राय, सहायक कमाण्डेंट कमलेश कुमार साहू व आशुतोष कुमार के अलावा बड़ी संख्या में बटालियन के जवान मौजूद थे।

